प्रदेश में बढ़ेगा फार्मा कारोबार युवाओं को मिलेगा रोजगार

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। प्रदेश में फार्मा उद्योग को बढ़ावा देने के लिए फार्मास्युटिकल डेवलपमेंट सेल का गठन किया गया है। यह सेल निवेश के लिए आने वाले उद्यमियों की समस्याओं का तत्काल निस्तारण करेगी।

प्रदेश में स्वास्थ्य सेवा, दवा उत्पादन, मेडिकल आपूर्ति के लिए कई जिलों में नए उद्योग लगने का रास्ता साफ हो गया है। इनमें 665 फार्मा और आठ हेल्थ केयर से जुड़े प्रस्ताव से करीब 2205 करोड़ का निवेश हुआ है और 1088 करोड़ का निवेश किया जा रहा है। इससे करीब पांच हजार से ज्यादा लोगों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा। आने वाले समय में फार्मा पार्क के साथ ही मेडिकल रिसर्च सेंटर और दवा उत्पादन इकाइयां भी लगेंगी। ऐसे में फार्मा क्षेत्र के विकास को लेकर अलग से फार्मास्युटिकल डेवलपमेंट सेल का गठन किया गया है। सेल की अध्यक्ष खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग (एफएसडीए) की अपर मुख्य सचिव अनीता सिंह हैं। औषधि अनुज्ञापन नियंत्रण प्राधिकरण को सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

निवेशकों की समस्या निस्तारण के लिए बना फार्मास्युटिकल डेवलपमेंट सेल

सदस्य के रूप में एफएसडीए आयुक्त, अपर आयुक्त, वित्त नियंत्रक, सहायक आयुक्त डीके सिंह को शामिल किया गया है। इसी तरह अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग सूक्ष्य, लघु, मध्यम उद्यम विभाग, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, आयुष विभाग, केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन, राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, केंद्रीय औषधि अनुसंधान संस्थान, राजकीय जन विश्लेषक प्रयोगशाला अधिकारी द्वारा नामित अधिकारी और फार्मास्युटिकल उद्योग संगठन एवं उद्योग संघों के नामित पदाधिकारी शामिल किए गए हैं।